Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-02-2006

Participants : Pathak Shri Brajesh

>

Title : Need to review the functioning of various Centrally sponsored programmes providing foodgrains to poor people in Uttar Pradesh and other parts of the country.

श्री ब्रजेश पाठक (उन्नाव) : महोदय, देश में विशेाकर उत्तर प्रदेश राज्य में गरीबों और बेरोजगारों को राहत देने के लिए अंत्योदय योजना, अन्नपूर्णा योजना, छात्रों के मध्य दिवस भोजल योजना, सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना, सूखा व बाढ़ राहत से सम्बद्ध विभिन्न केन्द्रीय योजनाओं के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा आबंटित हजारों करोड़ रूपये से अधिक का गेहूं ए वं चावल गरीब तथा जरूरतमंद लोगों में सुचारू रूप से वितरित नहीं किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य के विभिन्न जनपदों में बीपीएल तथा वितरण कार्ड तैयार करके काम के बदले अनाज योजना और अन्य केन्द्रीय योजनाओं का खाद्यान्न एक ही बार किए गए कार्य को कई बार दिखाकर कार्यदायी संस्थाओं द्वारा अनियमितताएं की जा रही हैं।

अतः मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि केन्द्र सरकार द्वारा गरीबों के लिए बड़ी मात्रा में आबंटित केन्द्रीय खाद्यान्न की अनियमितताओं को रोकने तथा देश के गरीब और जरूरतमंद लोगों को केन्द्रीय खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने हेतु कारगर कदम उठाया जाये।